# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 01.07.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक सभागार में आरेडिका महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने दिनांक 30.06.2020 को "मटेरियल इण्ट्री मॉनिटरिंग सिस्टम" से सम्बंधित साफ्टवेयर का लोकार्पण किया।

यह सॉफ्टवेयर, एक आई. टी. बेस्ड एप्लीकेशन है। इस सॉफ्टवेयर से आरेडिका में आनेवाली सामग्रियों के सम्बंध मे सूचना जैसे कि ट्रक, ड्राईवर, सामग्री, आरोग्य सेतु का विवरण तथा सामग्रियों के अनलोडिंग आदि का विवरण, फोटो एवं जियोटैगिंग के साथ ही अन्य सूचनायें एक प्लेटफार्म पर आसानी से उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि वाहनों व सामग्रियों की निगरानी के साथ–साथ, सिस्टम से प्राप्त होने वाली विभिन्न रिपोर्टों से कार्य कुशलता में वृद्धि होगी। प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक महोदय ने बताया कि इस सिस्टम द्वारा आने वाली सामग्री की बेहतर देखरेख में मदद मिलेगी एवं कोरोना संक्रमण को देखते हुए वाहन एवं वाहन चालकों का विवरण भी उपलब्ध रहेगा।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री अनूप कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री पी. एन. पाण्डे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार श्री आर. के मनोचा, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री एस. के. अग्रवाल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एम. के. अग्रवाल उपस्थित रहे।

(वी. के. दूबे) 01/07/2020

मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी